## अभ्यास पत्रक

## 3. पहली बूँद (गोपालकृष्ण कौल)

नाम :- ............ कक्षा :- ............ अवधि :- .............. अनुक्रमांक :- ........ प्राप्तांक :- .......

### कविता की रचना

1. 'आसमान में उड़ता सागर, लगा बिजलियों के स्वर्णिम पर' कविता की इस पंक्ति का सामान्य अर्थ देखें तो समुद्र का आकाश में उड़ना असंभव होता है। लेकिन जब हम इस पंक्ति का भावार्थ समझते हैं तो अर्थ इस प्रकार निकलता है- समुद्र का जल बिजलियों के सुनहरे पंख लगाकर आकाश में उड़ रहा है। ऐसे प्रयोग न केवल कविता की सुंदरता बढ़ाते हैं बल्कि उसे आनंददायक भी बनाते है। इस कविता में ऐसे दृश्यों को पहचानें और उन पर चर्चा करें। **2**

उत्तर- ............................................................................................

............................................................................................................

............................................................................................................

### शब्द एक अर्थ अनेक **2**

2. 'अंकुर फूट पड़ा धरती से, नव-जीवन की ले अँगड़ाई' कविता की इस पंक्ति में 'फूटने' का अर्थ पौधे का अंकुरण है। 'फूट' का प्रयोग अलग-अलग अर्थों में किया जाता है, जैसे- फूट डालना, घड़ा फूटना आदि। अब फूट शब्द का प्रयोग ऐसे वाक्यों में कीजिए जहाँ इसके भिन्न-भिन्न अर्थ निकलते हों, जैसे अंग्रेज़ों की नीति थी फूट डालो और राज करो।

उत्तर- ............................................................................................

............................................................................................................

### अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

3. 'नीले नयनों-सा यह अंबर, काली पुतली से ये जलधर' कविता की इस पंक्ति में 'जलधर' शब्द आया है। 'जलधर' दो शब्दों से बना है, जल और धर। इस प्रकार जलधर का शाब्दिक अर्थ हुआ **जल को धारण करने वाला**। इसी प्रकार 'धर' से मिलकर बने कुछ शब्द और उनके अर्थ ढूँढ़कर लिखिए। **3**

उत्तर- ............................................................................................

............................................................................................................

............................................................................................................

............................................................................................................

### शब्द पहेली

**4. दिए गए शब्द-जाल में प्रश्नों के उत्तर खोजें-** **5**

| | | | |
|---|---|---|---|
| न | य | न | ल |
| गा | द् | ब | अं |
| ड़ा | अ | श्रु | ब |
| ज | ल | ध | र |

(क) एक प्रकार का वाद्य यंत्र उत्तर- .............................

(ख) आँख के लिए एक अन्य शब्द उत्तर- .............................

(ग) जल को धारण करने वाला उत्तर- .............................

(घ) आँसू का समानार्थी उत्तर- .............................

(ङ) आसमान का समानार्थी शब्द उत्तर- .............................

**आपकी बात** **1+1= 2**

5. (क) बारिश को लेकर हर व्यक्ति का अनुभव भिन्न होता है। बारिश आने पर आपको कैसा लगता है? बताइए।

उत्तर- ..............................................................................................

..............................................................................................

(ख) आपको कौन-सी ऋतु सबसे अधिक प्रिय है और क्यों? बताइए।

उत्तर- ..............................................................................................

..............................................................................................

**समाचार माध्यमों से**

6. प्रत्येक मौसम समाचार के विभिन्न माध्यमों (इलेक्ट्रॉनिक या प्रिंट या सोशल मीडिया) के प्रमुख समाचारों में रहता है। संवाददाता कभी बाढ़ तो कभी सूखे या भीषण ठंड के समाचार देते दिखाई देते हैं। आप भी बन सकते हैं संवाददाता या लिख सकते हैं समाचार। **2**

अत्यधिक गर्मी, सर्दी या बारिश में आपने जो स्थिति देखी है उसका आँखों देखा हाल यहाँ लिखिए।

उत्तर- ..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

7. पावस का अर्थ है- **1**

(क) पवित्र (ख) पानी (ग) पास (घ) परी

उत्तर- ..............................................................................................

8. कौन धरती से अंकुरित होकर निकले ? **1**

(क) बीज (ख) वृक्ष (ग) समुद्री जीव (घ) पक्षी

उत्तर- ..............................................................................................

9. इस कविता में आसमान और बादल की तुलना किससे और किस प्रकार की है? **2**

उत्तर- ..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................